# टीबी मुक्ति के लिये कोरोना योद्धा की तरह बने सहयोगी

■ जिला कलक्टर के प्रयास से 6 वर्ष पूर्व ही प्राप्त किया लक्ष्य

**बांसवाड़ा।** जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिये कोरोना योद्धा की तरह प्रत्येक व्यक्ति को संकल्पित और समर्पित होना होगा। उक्त आ ान चिकित्साधिकारियों ने टीबी मुक्त ठााम पंचायत अभियान मीडिया कार्यशाला में किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खुशपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिये हमें हर स्तर पर समर्पण और सहयोग की भावना से कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग आमजन के साथ मिलकर 2025 तक जिले को टीबी मुक्त करने के लिये संकल्पित है। उन्होंने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की भी जानकारी दी। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. पीके वर्मा ने पीपीटी के माध्यम से क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में चल रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले की 103 ठााम पंचायतों को टीबी मुक्त कर दिया गया है इसकी विधिवत घोषणा राज्य स्तर के वेरिफिकेशन के बाद की जायेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 4 हजार 800 मरीजों का उपचार किया जा रहा है जिन्हें जल्द ही दवाओं एवं पोषण माध्यम से टीबी मुक्त किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाया जायेगा वहीं विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर होने वाली इन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, निक्षय मित्र बनकर अपनी सहभागिता निभा सकता है। उन्होंने बताया कि चिकित्सा केन्द्रों पर बलगम की जांच की जा रही है वहीं निरूशुल्क उपचार भी कराया जा रहा है। जिला कलक्टर की निरन्तर मॉनिटरिंग से बलगम जांच में 2030 के लक्ष्य को 2024 में ही प्राप्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 1 हजार की आबादी में कम से कम 30 जांच होती है। उन्होंने बताया कि टीबी के प्रमुख लक्षण लगातार खांसी, खांसते समय या बलगम में खून आना, बुखार होना, वजन कम होना, भूख कम लगना आदि है। ऐसे लक्षणों पर तुरंत नजदकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जाकर परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि टीबी का इलाज निर्देशानुसार लेने पर 6 से 8 माह में आराम मिल जाता है।

यह सावधानी रखनी जरूरी

टीबी के जीवाणु खांसने और छींकने से फैलते है। इसलिए पेशेंट को खांसते सयम मुंह ढक कर रखना चाहिए। साथ ही टीबी रोगी के लिए स्वस्थ आहार में दोलें, अनाज, दूध, तेल घी, रोटी, चावल, मूंगफली, अमरूद, केले और फल सेवन करने चाहिए। शराब, धूम्रपान और तंबाकू को छोड़ना अत्यंत आवश्यक है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित सिंह झाला ने बताया कि कोई भी व्यक्ति निशुल्क नंबर 1800116666 पर फोन से जानकारी भी प्राप्त कर सकता है। यह टीबी रोगियों और संबंधित जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर है। उन्होंने बताया कि टीबी संबंधित आमजन में जागरूकता और जन सहयोग के लिए एक माह तक अभियान चलाया जाएगा। जिसे टीबी मुक्त ठााम पंचायत नाम दिया गया है। इस अवसर पर आईईसी प्रभारी अमित शाह भी मौजूद रहे। किया सम्मानित : बांसवाड़ा आइबेक्स इंडिया की ओर से जिओ वल्र्ड कन्वेन्शन सेंटर मुंबई में गुरुवार को आयोजित बैंकिंग, बीमा और वित्त क्षेत्र के टेक्नोलॉजी कॉन्फ्रेंस में नवीनतम टेक्नोलॉजी का उपयोग कर ठााहकों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने और सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के लिए विभिन्न सेगमेंट्स में ठाामीण बैंको, सहकारी बैंकों तथा स्मॉल फाइनैन्स बैंकों की श्रेणी में बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ठाामीण बैंक को पांच टेक्नोलॉजी पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इनमें एक्सिलेन्स इन ईएसजी एंड ससटेनेबल इनिसेटिव्स, बेस्ट आईटी रिस्क एंड साइबर सिक्युरिटी इनिसेटिव्स, आउट्स्टैन्डिंग यूज ऑफ एमेरजींग टेक्नॉलोजीज, मोस्ट इनोवेटिव यूज ऑफ टेक्नॉलोजी, एक्सिलेन्स इन आपरेशनल एफिसिएनसीज विद टेक्नॉलोजी के लिये बैंक को पुरस्कृत किया गया।

बैंक द्वारा तकनीकी का उपयोग कर ठााहक सेवा को पूर्णतया आटोमेटिक माध्यमों पर ले जाने के लिये बनाये गए नए मॉडल एमएसएमई, रीटेल, हाऊसिंग , किसान क्रेडिट कार्ड -केसीसी सहित सभी लोन ऑटोमेशन, लोन ट्रैकिंग सिस्टम, पीएफएमएस मैनेजमेंट, पॉजिटिव पे सिस्टम, अकाउंट एठाीगेटर और सीकेवाईसी को इम्प्लीमेंट किया गया है वहीं एंड टू एंड लोन औटोमेशन के तहत अब बैंक के ठााहकों को घर बैठे पर्सनल, एमएसएमई तथा पशुपालन और मत्स्य पालन के लिये किसान क्रेडिट कार्ड एएचएफकेसीसी लोन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा चुकी है तथा इन्टर्नल प्रोसेस में बैंक ने ऑडिट, बोर्ड इनफॉर्मेशन, लर्निंग मनेजमेंट, परफॉर्मेंस मनेजमेंट सिस्टम, कंपलायन्स पोर्टल को भी पूर्णतया ओटोमेट कर दिया है।

साथ ही शाखाओं के कार्य निष्पादन में सुधार के लिये ब्रांच रेटिंग तथा बैंक मित्र कार्य निष्पादन को और प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए बीसी रेटिंग मॉडल लागू किए गए हैं।

## संक्षिप्त

### न्यायाधीश ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

**राजसमंद,।** जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष अग्रवाल ने शनिवार को जिला कारागृह का निरीक्षण कर कारागृह की भोजन, सफाई, आवास, सुरक्षा इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अग्रवाल ने बताया कि निरीक्षण के समय कारागृह में कुल 1०7 बंदी निरुद्ध मिले। नवीन प्रवेशित बंदियो से संवाद किया गया सभी ने अपने प्रकरण में पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त होना बताया। कारागृह में कोई भी बंदी 18 साल से कम उम्र का निरूद्ध नहीं पाया गया। चिकित्सक द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करना बताया। ग्रवाल ने कारागृह में सजायाफ्ता बंदियों की जानकारी प्राप्त की। बंदियों के मनोरंजन के लिए बैरक में टेलीविजन लगी हुई है तथा सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील अवस्था में हैं। बंदियों से वार्ता करने पर उन्होंने किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने तथा भोजन व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त किया। इस दौरान गिरीराज यादव उपस्थित थे।

### साहित्यकार शर्मा को साहित्य रत्न सम्मान से नवाजेंगे

**बांसवाड़ा,** इंडिया नेट बुक्स बीपीए फांउडेशन दिल्ली की ओर से वागड़ के वरिष्ठ साहित्यकार भरत चंद्र शर्मा को साहित्य रत्न सम्मान से नवाजा जाएगा। इंडिया नेट बुक्स के डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि भरत चंद्र शर्मा को यह सम्मान संस्था द्वारा एक मार्च को हॉटल क्राउन प्लाजा दिल्ली में आयोज्य साहित्यकार सम्मानोत्सव के अन्तर्गत दिया जाएगा। शर्मा को यह सम्मान विगत पचास वर्षों से हिंदी साहित्य लेखन एवं सृजन के लिए दिया जाएगा। ध्यान रहे कि शर्मा की साहित्य की विभिन्न विधाओं में तेरह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं एवं उम्र के अमृत सोपान पर भी लेखन एवं सृजनरत शर्मा को अनेक पुरस्कार एवं सम्मान मिल चुके हैं।

### राज्य स्तरीय समारोह में जिले की झांकी रही प्रथम

**बांसवाड़ा,** गणतंत्र दिवस पर महाराणा भूपाल स्टेडियम उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बांसवाड़ा जिले की झांकी ने जिला संवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव ने बताया कि लैण्ड ऑफ हन्ड्रेड आइलेंड के नाम से ख्यात जिले की इस झांकी में आदिवासी ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के स्थल मानगढ़ धाम को प्रमुखता के साथ दिग्दर्शित किया गया। राज्य के जलियावाला बाग के नाम से ख्यात मानगढ़ धाम में स्वाधीनता की अलख जगाने वाले गुरू गोविन्द की प्रतिमा के साथ उनकी धूणी व भक्त मण्डली का संजीव चित्रण झांकी में किया गया। साथ ही वहां पर निर्मित भव्य शहीद स्मारक का मॉडल भी प्रदर्शित किया गया। झांकी में जिले की प्राकृतिक, पौराणिक, सांस्कृतिक, रमणिक, धार्मिक एवं कलात्मक विशिष्टताओं यथा अरथुना मंदिर, त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर, माहीबांध, चाचाकोटा, आदिवासी खेल, तीरंदाजी, आदिवासी घर के साथ-साथ आदिवासी ढोल-कुण्डी-शहनाई नृत्य का झांकी में भव्यता से प्रदर्शन किया गया। कलक्टर ने बताया कि उक्त झांकी को तैयार करने एवं उससे जुड़े सम्पूर्ण कार्यों की देखरेख के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अधीक्षण अभियंता जालेन्द्र कुमार चारण तथा जनजातिय क्षेत्रीय विभाग उपायुक्त अरूणा डिण्डोर को जिम्मेदारी दी गई थी।

## जिला एथेलेटिक संघ के चुनाव सम्पन्न

■ दिग्विजय सिंह राठौड निर्विरोध बने पुनः अध्यक्ष

**राजसमंद,।** जिला एथेलेटिक संघ की साधारण सभा शनिवार को शहर के एक निजी होटल पर जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह राठौड की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में राजस्थान एथेलेटिक्स संघ के पर्यवेक्षक भूपेंद्रसिंह, खेल अधिकारी पर्यवेक्षक चांद खा पठान, ओलंपिक संघ अध्यक्ष ओर उपसभापति चुन्नीलाल पंचोली, अंतरराष्ट्रीय खिलाडी काबरा सोनल सुखवाल, संघ सचिव नरेश गुर्जर, मुकेश भार्गव बतौर अतिथि मौजूद थे।

संघ सचिव नरेश गुर्जर ने बताया कि इस दौरान चुनाव अधिकारी रमेश राणा के सानिध्य में संघ के चुनाव प्रक्रिया हुई। जिसमें पूरी कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। अध्यक्ष पद पर दिग्विजय सिंह राठौड और सचिव के पद पर नरेश गुर्जर दूसरी बार निर्वाचित हुए। इसके अलावा उपाध्यक्ष हीरालाल कुमावत, प्रमोद पूर्बिया, लक्ष्मण गुर्जर, कोषाध्यक्ष श्यामसिंह सिसोदिया, सचिव नरेश गुर्जर, सह सचिव राजदीप सिंह, देवीलाल गुर्जर, मीडिया प्रवक्ता लोकेश कुमार, सह प्रवक्ता अजय कुमार और विद्याधर सालवी, सुरेश चंद्र एवं भरत कुमार को सदस्य मनोनीत किया गया। चुनाव अधिकारी रमेश राणा ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अतिथियों ने स्टेट लेवल पर 8०० ओर 15०० मीटर दौड में सिल्वर मेडल जीतने वाले मुकेश तेली, हाई जंप में सिल्वर मेडल विजेता गौरी गुर्जर, गोला फेंक में ब्रॉन्ज मेडल विजेता रामलाल माली और महिला कॉच खुशी चौहान को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष दिग्विजय सिंह राठौड ने जिले के खिलाडी राष्ट्रीय ओर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे उसके लिए संघ के सभी सदस्यों के सहयोग से काम किया जाएगा।

## बोर्ड परीक्षा की तैयारीय प्राचार्यों की अहम बैठक सम्पन्न

**राजसमंद,।** आगामी बोर्ड परीक्षाओं की सुचारु तैयारी सुनिश्चित करने के लिए राजसमंद सहोदय विद्यालय के बैनर तले जिले के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों की अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक का आयोजन कैरियर पॉइंट गुरुकुल स्कूल में संगीता श्रीवास्तव ने किया। बैठक के अध्यक्ष तथा जिला संयोजक डॉ संजय अभिषेक ने बताया कि बैठक में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा और छात्रों को सर्वोत्तम मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। साथ ही परीक्षा से संबंधित नए व पुराने नियमों पर चर्चा की गई। आगंतुक प्राचार्यों और उनके प्रतिनिधियों ने परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था, सुरक्षा मानकों, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता और परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखने को लेकर अपनी रणनीतियां साझा कीं। बैठक का उद्देश्य सभी छात्रों को तनावमुक्त वातावरण में परीक्षा देने का अवसर प्रदान करना तथा बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए जारी की गई गाइडलाइन पर चर्चा करना था।

## हिन्दुस्तान जिंक में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**राजसमंद,** । खान सुरक्षा महानिदेशालय उदयपुर क्षेत्र (उ.प.अं) के तत्वाधान में हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स में इफेक्टिव फंक्शनिंग ऑफ ग्रुप वोकेशनल ट्रेनिंग इन कम्पलायंस विथ स्टेट्यूटरी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में खान सुरक्षा निदेशक उदयपुर क्षेत्र बी दयासागर, खान सुरक्षा निदेशक अजमेर क्षेत्र सं 1 सुरजीत कटेवा तथा खान सुरक्षा महानिदेशालय के निदेशक व उपनिदेशक के साथ राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स के आईबीयू सीईओ बलवंत सिंह राठौड तथा आगूचा के आईबीयू सीईओ किशोर कुमार सहित हिन्दुस्तान जिंक, वंडर सीमेंट, आरके मार्बल्स, जेके सीमेंट एवं अल्ट्राटेक सीमेंट की खदानों के ग्रुप वीटीसी प्रभारी, माइंस मैनेजर एवं प्रतिनिधी उपस्थित थे। इस अवसर पर खान सुरक्षा निदेशक उदयपुर क्षेत्र बी दयासागरए ने कहा कि ग्रुप वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर हमारे सुरक्षा मानकों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह कार्यशाला सभी उदयपुर वीटीसी में सेफ्टी फर्स्ट संस्कृति को बढावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। सही ज्ञान और प्रथाओं के साथ व्यक्तियों को सशक्त बनाकर, हम न केवल कार्यस्थल सुरक्षा को बढा रहे हैं बल्कि एक ऐसे भविष्य का निर्माण भी कर रहे हैं जहां सुरक्षा हर कार्य और निर्णय में अंतर्निहित हो। एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित कार्यबल एक सुरक्षित कार्यस्थल की रीढ है और निरंतर सीखने के माध्यम से हम जोखिमों को कम कर सकते हैं और दक्षता को अधिकतम कर सकते हैं। सुरक्षा को न केवल प्राथमिकता बल्कि जीवन का एक तरीका बनाएं। कार्यशाला में निर्देशन में सभी ग्रुप वीटीसी की वैधानिक कार्यप्रणाली का विश्लेषण किया गया। डीजीएमएस एवं सभी टीमों द्वारा प्रस्तुति दी गई एवं संदेश एवं वीटीसी प्रभारियों द्वारा फीडबैक लिया गया।

## चुनावो के लिए तैयार है : पालीवाल

**राजसमंद,** । पंचायत समिति राजसमन्द वार्ड 7 में हुए उप चुनाव में भावेश कुमावत की जीत यह दर्शाती है कि भाजपा आने वाले पंचायती राज व नगर निकाय चुनावों में प्रचंड जीत के लिए तैयार है। यह जीत यह भी दर्शाती है कि देश व प्रदेश की जनता का भाजपा के प्रति विश्वास और बढा है। आज भारत देश विश्व जगत में अपना परचम फहरा रहा है जो सिर्फ और सिर्फ मोदी के प्रधानमंत्री बनने का बाद हुआ है। अब हम सभी की यह जिम्मेदारी बनती है कि हम देश व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाए व जनता के विश्वास पर खरा उत्तरें। जिला मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि यह विचार भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने राजसमन्द पंचायत समिति के वार्ड 7 से विजयी भावेश कुमावत का स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं से व्यक्त किए। इस दौरान महेश पालीवाल, अशोक रांका, महेंद्रसिंह चौहान, खुशकमल कुमावत, वेणीराम कुमावत, मुरारी आशिया, मंडल अध्यक्ष गोपाल श्रीमाली, महेश आचार्य, मुकेश जोशी, अनारसिंह, प्रहलाद कुमावत, शिवलाल जाट, अर्जुनसिंह, पंकजसिंह सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आखिर रंग लाए कलक्टर के प्रयास : आयुष्मान वय वंदना योजना में राजसमंद प्रदेश में दूसरे स्थान पर पहुंचा

■ दो दिन निरंतर विशेष शिविरों के माध्यम से 5००० से अधिक 7० प्लस के वरिष्ठ नागरिकों को जोडा

■ अब इन सभी को मिलेगा 5 लाख का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा

■ 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर वरिष्ठ नागरिक को जोडना हमारा लक्ष्य : जिला कलक्टर

**राजसमंद,।** प्रधानमंत्री आयुष्मान जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 7० वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को देशभर के समस्त सरकारी एवं सूचीबद्ध निजी चिकित्सालयों में 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार दिया जा रहा है। खास बात यह है कि इस योजना में हर आय वर्ग (यानि प्रत्येक 7० और 7० प्लस) वरिष्ठ नागरिक पात्र है और लाभ ले सकते हैं। जिले में कम प्रगति होने पर जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने इसे गंभीरता से लिया और सोचा कि क्यों न इस अभियान को मिशन मोड पर ले जाकर जिलेभर में सर्वे कराया जाए और घर-घर जाकर 7० वर्ष से ऊपर की आयु के बुजुर्गों को योजना से जोडा जाए। जिला कलक्टर के निर्देश पर आशा एवं एएनएम द्वारा गांव-गांव सर्वे कर पात्र बुजुर्गों को चिन्हित किया गया। आरसीएचओ डॉ सुरेश मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर की पहल पर इन पात्र 7० प्लस आयु के बुजुर्गों के लिए गुरुवार को समस्त ग्राम पंचायतों और शुक्रवार को राजसमंद तथा नाथद्वारा नगरीय क्षेत्रों में विशेष शिविरों का आयोजन हुआ। शिविरों में परिजन अपने घरों के वृद्धजन को लेकर पहुंचे। यहां मौके पर ही तुरंत कम से कम समय में इनका पंजीयन कर हाथों-हाथ डिजिटल आयुष्मान वय वंदना कार्ड प्रदान किया गया। जिला कलक्टर ने हाल ही में आयोजित हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में भी इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए थे। साथ ही वे निरंतर हर बैठक में इस पर गंभीरता से जोर दे रहे थे। राजसमंद पहुंचा दूसरे स्थान पर

जिला कलक्टर असावा के निर्देशन में चिकित्सा विभाग, नगरीय निकाय एवं पंचायती राज विभाग के समन्वित प्रयासों से राजसमंद प्रदेश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। अभियान के तहत दो दिनों में 5 हजार से अधिक 7० वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का योजना में पंजीयन हुआ। यही नहीं, इसके साथ-साथ शिविरों में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र एवं वंचित परिवारों के 6 हजार से अधिक सदस्यों की केवाईसी कर लाभान्वित भी किया गया। जिससे बुजुर्गों के साथ-साथ इनके परिजनों को भी स्वास्थ्य बीमा से लाभान्वित किया जा सकें।

अब पहले पायदान पर आने की कवायद जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिले में एक भी पात्र वरिष्ठ नागरिक केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से वंचित नहीं रहे। जिले में हर एक पात्र का पंजीयन करने के लिए टीम निरंतर प्रयास कर रही है। इस सम्पूर्ण अभियान में आरसीएचओ, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, प्रमुख चिकित्सा अधिकारियों, समस्त चिकित्सा संस्थानों के प्रभारियों एवं फील्ड वर्कर एएनएम एवं आशाओं का विशेष योगदान रहा।

## सोशल मीडिया पर भ्रामक विज्ञापनों पर कडी कार्यवाही की मांग

**राजसमंद,** । प्रबुद्ध नागरिक विचार मंच के समन्वयक राजकुमार दक ने सरकार से आग्रह किया है कि सोशल मीडिया पर लोगों को ठगने के विविध तरीके अपनाए जा रहे हैं, जिस पर कडी कार्यवाही की जाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि लालच और डर के कारण लोग ठगी के शिकार बनते जा रहे हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर प्रसारित रीलों के माध्यम से लुभावने विज्ञापन दर्शाये जा रहे हैं। जिसमें बताया जाता है कि पेंसिल एवं पेन पैकिंग का काम करने पर 3०००० रूपये सैलरी प्रतिमाह दी जाएगी एवं 15००० रुपए एडवांस दिए जाएंगे। दिए गए नंबर पर कॉल करने पर वह आधार कार्ड मांगते हैं, जो भोले भाले लोग आसानी से भेज देते हैं। उसके बाद वह अपने खाते का एक स्कैनर भेजते हैं और 65० रूपये से 1००० रूपये जमा कराने की बात करते हैं। ठगी के इस क्रम में ट्रांसपोर्ट चार्ज सिक्योरिटी आदि के नाम से और पैसे मंगवा लिए जाते हैं और बाद में वह अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर देते हैं। इसी प्रकार की ठगी अविवाहित नौजवानों से भी की जा रही है, जिसमें लडकियों के फेक फोटो बायोडाटा के साथ दर्शाकर शादी के प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

## सार-समाचार

### बाल संस्कार शिविर में बच्चों को बताई होली की महत्ता

**बांसवाड़ा।** महावीर इंटरनेशनल माही वीरा केंद्र की ओर से जीपीएस आदिवासी बस्ती-द्वितीय विद्यालय निचला घंटाला में बाल संस्कार शिविर आयोजित किया गया। प्रारंभ में शाला प्रधान अंजली गर्ग ने वीराओ का स्वागत किया। केंद्र अध्यक्ष भुवनेश्वरी मालोत ने शिविर में बच्चो को योग, हास्यासन के माध्यम से संस्कार का महत्व बताया वहीं ऋषि कन्या व्यास ने मेहनत करने से मिलने वाले लाभों से अवगत कराते हुए बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया तथा आशा मित्तल ने कहानी के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सुषमा भट्ट, उषा पोरवाल, अर्चना नानावटी, उषा मखीजा ने सहयोग प्रदान किया। केंद्र सचिव गीता चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में कविता के माध्यम बच्चों को होली की महत्ता बताते हुए वस्त्र, स्टेशनरी, लंच बॉक्स, बिस्किट व चॉकलेट प्रदान की गयी। आभार केंद्र उपाध्यक्ष बीना गुप्ता ने माना।

### विशेष लोक अदालत में 46 प्रकरणों का किया निस्तारण

**राजसमंद,।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सदस्य सचिव जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला मुख्यालय एवं प्रत्येक तालुका मुख्यालय पर भारतीय स्टेट बैंक की विशेष लोक अदालत का आयोजन कर प्रकरणों का समझाईश के माध्यम से निस्तारण किया गया। इस लोक अदालत में कुल ०7 प्रो-बोनो बैंचों का गठन किया गया। जिसमें कुल 1००० से अधिक प्रकरणों को समझाईश के लिए रखा गया, जिसमें से आपसी समझाईश से कुल 46 प्रकरणों का निस्तारण किया जाकर 3० लाख 38 हजार 271 रूपये की राशि के अवार्ड पारित किए गए।

### माता-पिता का पूजन कर मनाया मातृ-पितृ पूजन दिवस

**राजसमंद,।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती नौगामा गांव में संचालित गुरु नानक शिक्षण संस्थान में मातृ-पितृ पूजन दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। संस्थान सचिव संतोष कुमावत ने बताया कि विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता को तिलक लगा, मौली बांध, माला पहना, मुंह मीठा करा कर एवं उनकी परिक्रमा कर चरण धोकर स्पर्श कर उनका पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान दाखु पुरोहित, रेणुका पालीवाल ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया। अंजलि कुमावत व ज्योति जोशी ने माता-पिता से संबंधित गीत प्रस्तुत किया। छात्रा दिक्षा कुंवर, सुरभि, नव्या, मनिषा, पिहु व अंजली ने सरस्वती वंदना की। इस अवसर पर संस्थान निदेशक शांतिलाल कुमावत ने कहा कि माता-पिता का आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बडी पूंजी होती है। हमें हमेशा अपने माता-पिता की सेवा एवं आदर करना चाहिए। इस दौरान जयेश सुथार, रेखा बंशीवाल, त्रिफला कुंवर, रेखा गोस्वामी, शिवानी गुर्जर, दीपिका पालीवाल, कन्हैयालाल, लक्ष्मणसिंह, अभिषेक गौड, बंशीलाल, शैलेश सेन, कैलाश कुमावत, किशन सुथार, सुरेश कुमावत, भीम शंकर जोशी, भभूतिदेवी, लक्ष्मीदेवी, गीतादेवी सहित विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### महात्मा गांधी स्कूल में बुक्स, अलमारी भेंट

**राजसमंद,** । जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे में संचालित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम उमावि में गांव के भामाशाह ने विद्यार्थियों के लिए बुक्स अलमारी भेंट की। संस्था प्रधान कीमा कुमारी ने बताया कि गांव के भामाशाह रामलाल प्रजापत पुत्र मगना प्रजापत की ओर से विद्यालय में निःशुल्क बुक्स अलमारी भेंट की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने भामाशाह का एकलाई पहनाकर सम्मान किया गया।

### गोपाल मंत्री बने हिमालय परिवार संस्था राजसमन्द के जिलाध्यक्ष

**राजसमंद,।** राजसमंद अखिल भारतीय हिमालय परिवार संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री दिलबाग सिंह जसरोटिया की स्वीकृति, प्रदेश मंत्री अरविंद जरौली एवं चित्तौड प्रांत संगठन मंत्री डॉ सुशील निंबार्क की अनुशंसा पर गोपाल मंत्री को हिमालय परिवार राजसमंद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। हिमालय परिवार के प्रदेश महामंत्री सच्चिदानंद पारीक ने कहा कि गोपाल मंत्री अगले 1० दिनों में 12 समाज सेवक कार्यकर्ताओं की जिला कार्यकारिणी गठित करेंगे तथा संस्था के राष्ट्रीय कार्य यथा सिंधु दर्शन यात्रा, चीन बॉर्डर पर भारत की गतिविधियां बढाना, व्याख्यान माला आयोजित कर समाज के संपूर्ण हिस्से में राष्ट्रवादी विचारधारा को प्रचारित करना आदि को राजसमंद जिले में विस्तारित करके देश सेवा में योगदान करेंगे तथा 29वीं सिंधु दर्शन यात्रा के लिए योग्य यात्रियों को तैयार करेंगे।

### विस्फोटक नियम के उल्लंघन पर विस्फोटक सामग्री जब्त

**बांसवाड़ा ।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. इन्द्रजीत यादव के निर्देशन में गठित संयुक्त टीम ने ठीकरिया स्थित त्रिपुरा मंदिर कबीर मंदिर परिक्षेत्र के रिहायसी क्षेत्र में संचालित पटाखा स्टोरध्गोदाम के संबंध में प्राप्त शिकायत पर संचालित ईश्वर लखानी के पटाखा स्टोरध्गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विस्फोटक नियम, 2008 नियम 83(4) सी एवं 83(4) डी का उल्लंघन पाये जाने पर विस्फोटक नियम 2008 के नियम 128(2) के तहत सामठाी जब्ती की कार्यवाही करते हुए 97 कार्टून एवं 37 बोरी-कट्टे जब्त किये गये। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. यादव ने थानाधिकारी, पुलिस थानाकोतवाली को जब्त की गई सामठाी को नियमानुसार अठािम कार्यवाही होने तक सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। एक्ट के तहत कार्यवाही के लिये प्रकरण जयपुर भेज दिया गया है।

### मोदी सरकार की ऐतिहासिक सफलता

**राजसमंद,** । विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से ही देश में गरीबी को एक राजनीतिक मुद्दा बना दिया गया। गरीबों से वादे तो बहुत किए गए, परंतु हर बार उन्हें छला गया। लेकिन 2०14 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने गरीबी उन्मूलन के लिए ठोस कदम उठाए और इसके परिणाम स्वरूप भारत में गरीबी घटाने में अभूतपूर्व सफलता मिली है। विधायक ने बताया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से देश के 25 करोड नागरिकों को गरीबी के अभिशाप से मुक्त किया गया है। गरीबों को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, मुद्रा योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं क्रांतिकारी साबित हुई हैं।

## एसबीआई विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत का हुआ आयोजन

**बांसवाड़ा** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार भारतीय स्टेट बैंक की विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन किया गया। एसबीआई विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय एवं तालुका स्तर पर कुशलगढ़, घाटोल, बागीदौरा एवं गढ़ी में किया गया। प्राधिकरण सचिव कौशल सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय पर आयोजित विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत में एसबीआई मोहन कॉलोनी, न्यू क्लॉथ मार्केट, एमबीएससी, आजाद चौक, तलवाड़ा एवं एसबीआई दानपुर शाखाओं के प्रकरण रखे गये। एसबीआई विशेष प्री-लिटिगेशन लोक अदालत में अभिषेक रंजन, हिमांशु कुमार, मोनु कुमार, विजय सिंह मीना, सन्नी चौहान मौजूद रहे।

# रेडिया किसान दिवस पर दी कृषि, पशुपालन एवं बीमे की जानकारी

**बांसवाड़ा,** आकाशवाणी केन्द्र की ओर से उमराई पंचायत के ठााम बिलिया डूंगरी में रेडियो किसान दिवस का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों, पशु चिकित्सा एवं अन्य विशेषज्ञों ने किसानों को मौके पर कृषि, पशुपालन और कृषि बीमा संबंधी उपयोगी जानकारी दी। आकाशवाणी केन्द्र के प्रसारण अधिकारी धीरेन्द्र सिंह शाक्यवंशी ने रेडियो किसान दिवस का महत्व बताते हुए कृषि कार्यों को सफलता से करने के लिये किसानों के जीवन में रेडियो की उपयोगिता बताई और कृषि की लागत कम व आमदनी अधिक करने के लिये विज्ञान आधारित खेती करने की सलाह दी।

शाक्यवंशी ने आकाशवाणी के किसानवाणी प्रभाग द्वारा किसानों के लिये प्रसारित किये जा रहे रेडियो कार्यक्रमों का भी उल्लेख किया। पशु चिकित्सक डॉ. अनुज बघेल ने मुख्यमंत्री मंगला पशुधन बीमा योजना, गोपाल कार्ड, लखपति दीदी कृत्रिम गभार्धान, एनएलएम योजना संबंधी जानकारी दी। सम्भागीय निदेशक कृषि अनुसंधान केन्द्र, डॉ. हरगिलास मीणा ने विभागीय योजनाओं के अतिरिक्त खाद्यान्न श्रृंखला विसंगति की समस्या के समाधानों पर जानकारी दी। डॉ. मीणा ने जल संरक्षण के लिये मौसम अनुरूप कृषि एवं मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. नीरज पण्डया ने दैनिक जीवन में स्वस्थ खान पान की उपयोगिता एवं उपलब्धता की जानकारी देते हुए ठाामीण महिलाओं को टीकाकरण एवं संस्थागत प्रसव के लिये जागरूक किया। गैर सरकारी संस्था सदगुरू फाउण्डेशन के प्रबंधक योगेन्द्र सिंह ने जलवायु परिवर्तन की समस्या से अवगत कराते हुए फसल उत्पादन पर होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। किसान नेता रणछोड़ पाटीदार ने जैविक खेती की उपयोगिता बताते हुए कहा कि जैविक उत्पाद पर्यावरण के अनुकुल होने के साथ-साथ उच्च स्तर का पोषण भी प्रदान करते है। यदि अधिक से अधिक लोग जैविक अनाज को भोजन में शामिल करेंगे तो पर्यावरण संरक्षण में सहायता होगी और लोगों के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। कार्यक्रम मे किसानों ने अपने अनुभव भी साझा किए और विशेषज्ञों से विविध प्रश्न पूछ कर जिज्ञासाओं का समाधान किया। आकाशवाणी के सहायक निदेशक महेन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि कृषि, पशुपालन और शिक्षा का समावेश तीनों एक दूसरे के प्रतिपूरक है और इनके विकास से ही किसान का विकास संभव हैं। मीणा ने खेती धणी सेती लोकोक्ति का जिक्र करते हुए कहा कि खेती की उचित देखभाल से किसान अधिक उत्पाद प्राप्त कर आर्थिक समृद्ध बन सकते है। मोहन मीणा ने किसानों एवं कृषि विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि रेडियो किसान दिवस मनाने का उद्देश्य किसानों के उत्थान, आर्थिक विकास में उनके अहम योगदान जैसे विषयों पर सबका ध्यान आकर्षित करना है। कार्यक्रम में कन्हैयालाल कलाल, विजय जोशी, धर्मिष्ठा पण्डया, रीता पण्डया, वीणा गरासिया, नानुलाल, चन्दा बाई, रिना, दीपक सेवक, विनोद आदि मौजूद रहे। संचालन जयसिंह दायमा ने किया।

## पदोन्नत प्राचार्य रिक्त पदों पर यथावत रखने की मांग

**राजसमंद,** । राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य और जिला मंत्री सुजीत कुमार त्रिपाठी ने राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, शिक्षा निदेशक और शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेशाध्यक्ष रमेशचंद्र पुष्करणा को ज्ञापन भेंजकर हाल ही में विभागीय पदोन्नति से बने प्राचार्य को जहां वर्तमान में रिक्त पद है उन्हें वहीं रिक्त पद पर यथावत पदस्थापन करने और शेष बचे प्राचार्य को ही काउंसलिंग से नियुक्त देने की मांग की है। शिक्षा मंत्री और प्रदेशाध्यक्ष को भेजे ज्ञापन में उन्होंने बताया कि अनेक पदोन्नत प्राचार्य जहां रिक्त पद है वहां पहले से प्राचार्य का कार्य कर रहे है, उनके पास ०3 के पावर भी है और वें सभी कार्य सम्पन्न कर रहे हैं। इसलिए अगर उन्हें यथावत रखने के आदेश जारी करना उनके और विभाग के हित में रहेगा और शेष बचे प्राचार्यों को ही काउंसलिंग से पोस्टिंग देने की मांग की है।

## पंचायत समिति सदस्यों को वित्त अधिकार मिले

**बांसवाड़ा ।** राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी मिलन चाहिल ने कहा कि राज्य सरकार ने नियम विरुद्ध पंचायत राज के चुनाव टाल दिये हैं जो संविधान के अनुच्छेद 243 अ का उल्लंघन है जिसके अनुसार किसी भी परिस्थिति में पंचायती राज के चुनाव को टाला नहीं जा सकता। चाहिल जिला कांठोस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परिसिमन 2019 में ही हुआ था ऐसे में पुनरू परिसिमन की आड़ में 80 फीसदी ठाामीण मतदाताओं का हक छीना जा रहा है। उन्होंने बताया कि 1 तरफ राज्य सरकार आर्थिक कारण बताकर 9 जिले और 3 संभागों को निरस्त कर चुकी है लेकिन परिसिमन के बाद पंचायते और पंचायत समितियों की संख्या बढ़ेगी ऐसे में राज्य सरकार पर आर्थिक बोझा पड़ना ही है।


कार्यालय नगर निगम, उदयपुर (राज.)
क्रमांक:-प्रन्यास-II /2024-25/ 620
ऑनलाईन क्रमांक-120356 दिनांक:14.2.25

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भूखण्ड संख्या 199-बी योजना ओटीसी, उदयपुर में स्थित है जिसका आकार 108.88 वर्गगज है। इस भूखण्ड को प्रार्थी सुरेश चन्द्र शर्मा पिता श्री मदन लाल शर्मा निवासी 199, बी-ब्लॉक, ओटीसी स्कीम, अम्बामाता, उदयपुर को अपने नाम पर नामान्तरण जारी करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 10.02.2025 को आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका पडौस निम्नानुसार है :-

पूर्व-भूखण्ड संख्या 116
पश्चिम-सडक 30 फीट
उत्तर- भूखण्ड संख्या 200
दक्षिण-भूखण्ड संख्या 198

पूर्व में उक्त भूखण्ड नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के द्वारा दिनांक 13.09.1984 को श्री हाजी सलीम अहमद पिता श्री हाजी अमीर मोहम्मद के नाम पट्टा विलेख जारी किया गया। उक्त भूखण्ड वर्तमान में श्री हाजी सलीम अहमद पिता श्री हाजी अमीर मोहम्मद के नाम आलेख में दर्ज है।

प्रार्थी ने उक्त दिनांक 14.02.1989 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण चाहा जा रहा है।

अतः समस्त आम खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त पडौसियों के मध्य उक्त भूखण्ड प्रार्थी के नाम करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन से 07 दिनों के भीतर इस कार्यालय में लिखित में प्रमाणित दस्तावेजों के साथ प्रन्यास शाखा में प्रस्तुत करें, बाद समाप्त अवधि नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। सूचित रहे।

आयुक्त-नगर निगम, उदयपुर